सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-27

कक्षा:-7	विषय: अमृत संचय	पाठ:8 दूध का दाम

पाठ - दूध का दाम (प्रेमचंद)

प्रश्न 1. महेशनाथ के घर पुत्र पैदा होने पर भूँगी ने क्या किया?

उत्तर- महेशनाथ के घर पुत्र पैदा होने पर भूँगी अपने तीन महीने के बालक को अपने पति गूदड़ के सुपुर्द कर नवजात शिशु को दूध पिलाने के लिए महेशनाथ के घर चली गई।

प्रश्न 2. प्रश्न 2. मंगल कमजोर क्यों रह गया था?

उत्तर- भूँगी महेशनाथ के पुत्र को अपना तथा अपने लड़के को भैंस का दूध पिलाती थी जो उसे हज़म नहीं होता था इसलिए वह कमजोर रह गया।

प्रश्न 3. गूदड़ की मृत्यु कैसे हुई थी?

उत्तर- गाँव में प्लेग की बीमारी महामारी के रूप में फैली जिसमें गूदड़ भी चपेट में आ गया और उसकी मृत्यु हो गई।

प्रश्न 4. मालकिन ने मंगल को क्यों डाँटा?

उत्तर मालकिन ने मंगल को इसलिए डाँटा क्योंकि सुरेश ने उसकी शिकायत कर दी थी कि मंगल ने उसे जानबूझकर धक्का दिया है।

प्रश्न 5. 'दूध के दाम' के रूप में मंगल को क्या मिलता था?

उत्तर- 'दूध के दाम' के रूप में मंगल को महेशनाथ के घर से अपमान और जूठन मिलती थी।